कार्यालय–बिहार शिक्षा परियोजना, जहानाबाद

शिक्षा भवन, (नियर, गाँधी स्मारक इन्टर विद्यालय) जहानाबाद

दूरभाष सं० – 06114–295073 ईमेल : bepcjehanabad@gmail.com

पत्रांक 2059

प्रेषक,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जहानाबाद।

सेवा में,

प्राचार्य / प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक,
सभी विद्यालय (सरकारी एवं गैर सरकारी)
जिला–जहानाबाद।

जहानाबाद,दिनांक 20.09.2023

विषय : **जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस–2023 में प्रतिभागिता के संबंध में।**

प्रसंग : **निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् महेन्द्रू पटना के पत्रांक 1050 दिनांक 25.05.2023 तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी, जहानाबाद के पत्रांक 1908 दिनांक 07.07.2023**

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषयक अंकित करना है कि 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस–2023 के तहत् मुख्य विषय **"स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र को समझना"** एवं उपविषय–**1. अपने पारितंत्र को जानना, 2. स्वास्थ्य पोषण और कल्याण को बढ़ावा देना, 3. पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाऍं, 4.आत्मनिर्भरता के लिए पारितंत्र आधारित दृष्टिकोण, 5. पारितंत्र और स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार, पर दिनांक 05 अक्टूबर 2023 को प्रातः 09:00 बजे से मानस इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, दक्षिणी, जहानाबाद में जिला स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस–2023** का आयोजन निर्धारित किया गया है। उक्त आयोजन में जिले के सभी मध्य / माध्यमिक / उच्च माध्यमिक, सरकारी / गैर–सरकारी विद्यालयों के बाल वैज्ञानिकों के द्वारा अपने मार्गदर्शक शिक्षक के साथ इस पर विभिन्न उपविषयों एवं मुख्य विषयों से संबंधित नवाचारी परियोजना का लिखित (100 अंक) एवं मौखिक (100 अंक) का प्रस्तुतीकरण किया जाना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री की गरिमामय उपस्थिति की अनुमति मिल चूकी है। इस प्रतियोगिता में बाल वैज्ञानिकों से नवाचारी एवं मौलिक लघु शोध परियोजना की अपेक्षा की जाती है न कि बड़े प्रदर्श की। इसमें वे परियोजना रिपोर्ट की एक प्रति, चार चार्ट पेपर एवं एक लॉगबुक लेकर आयेंगे। विशेष जानकारी हेतु जिला समन्वयक श्रीकान्त शर्मा (मोबाइल नं0–8002224375 अथवा जिला सह–समन्वयक श्री पंकज कुमार मोबाइल नं0–6299189566) से संपर्क किया जा सकता है।

अतः आपको निदेश दिया जाता है कि जिला स्तरीय विज्ञान कांग्रेस–2023 में अपने विद्यालय की सहभागिता यथा स्थान, ससमय एवं निर्धारित तिथि पर कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

20.09.23

जिला शिक्षा पदाधिकारी
जहानाबाद।

ज्ञापांक 2059 .... जहानाबाद, दिनांक 20.09.2023

प्रतिलिपि : श्री श्रीकान्त शर्मा, जिला समन्वयक एवं जिला आयोजन समिति के सभी माननीय सदस्यगण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : प्राचार्य, मानस इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल, दक्षिणी, जहानाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : अध्यक्ष, साइंस फॉर सोसाईटी, बिहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपि : जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रा0 शि0 एवं सर्व शिक्षा अभियान, जहानाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि : जिला पदाधिकारी, जहानाबाद की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

20.09.23

जिला शिक्षा पदाधिकारी
जहानाबाद।

20/9/23

E/Mridulata/ARP/All Letter 2023